हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.9 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

12 हॉकी खिलाड़ियों की डाइट के खर्च का समर्थन ...



12 अभियान व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भावना ...



## खबर संक्षेप

### चिनाई करते समय जमीन पर गिरने से मिस्त्री की मौत

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र निवासी साठ वर्षीय पेशे से चिनाई मिस्त्री बलबीर सिंह काबड़ी फाटक क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की दीवार पर चिनाई करते समय भूमि पर आ गिरे। इस हादसे में बलबीर की मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल व शव की जांच करवाई। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने बलबीर के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गेहूं खरीदने के नाम पर 5.58 लाख की ठगी

**अंबाला।** धनौरा गांव निवासी सोम प्रकाश से मक्का व गेहूं खरीदने के नाम पर 5 लाख 58 हजार 500 रुपये की ठगी हो गई। पहले तो आरोपियों ने सस्ता माल देने की बात बोलकर झांसे में लिया। फिर ट्रक में माल लोड की फोटो भेजने के बाद खाते में पैसे डलवा लिए। धनौरा गांव के सोम प्रकाश ने बताया कि 5 नवंबर 2025 को उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से अनाज खरीदने के लिए संपर्क किया था। उन्हें रजनीश त्रिवेदी नाम के व्यक्ति का नंबर मिला। व्हाट्सएप पर हुई बातचीत में 10 टन गेहूं व 15 टन मक्का का सौदा तय हुआ। शातिर ठगों ने विश्वास जीतने के लिए बाकायदा एक पंजाब नंबर के ट्रक की फोटो भेजते हुए कहा कि माल लोड हो रहा है। इस तरह पूरे रुपये खाते में जमा करा लिए।

### निर्माणधीन मकान से बिजली की तारें चोरी

**यमुनानगर।** शहर की बैंक कॉलोनी में बन रहे निर्माणधीन मकान से चोरों ने लाखों रुपये की बिजली की तारें चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्वाई शुरू कर दी। जसवंत कॉलोनी निवासी मंजू ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शहर की बैंक कॉलोनी में नया मकान बना रही है। 18 फरवरी को देर शाम वह निर्माणधीन मकान से काम खत्म करवा कर घर चली गई थी। सुबह जब वापस आए तो मकान में रखी बिजली की तारें गायब मिली। जिनकी कीमत एक लाख रुपये है।

### मारपीट के आरोप में पिता-पुत्र पर केस

**यमुनानगर।** गांधी नगर थाना पुलिस ने शहर की सरोजनी कॉलोनी में हुई मारपीट में आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया। मारपीट में करनाल निवासी चिराग घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। करनाल निवासी चिराग ने गांधी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरोजनी कॉलोनी में रहता है। 17 फरवरी को उसका कॉलोनी के ही अरविंद कांबोज व उसके लड़के अक्षय कांबोज के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और उसके साथ गाली गलौच की। शोर सुनकर जब लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### हादसे में फौजी व चार परिजन घायल

**पानीपत।** जीटी रोड के ऐलिवेटेड हाई पर मिड टाउन होटल के सामने अज्ञात वाहन ने सेना के जवान की कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पटियाला में तैनात सेना का हवलदार राजू सिंह वर्मा मूल निवासी फिरोजाबाद, यूपी पत्नी कल्पना वर्मा, बेटी कीर्ति, बेटा सुधांशु व दिपांशु घायल हो गए। घायलों को राहगिरों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वर्मा की शिकायत पर हादसा करने वाले अज्ञता वाहन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सूचना पटियाला सेना मुख्यालय को दे दी है।

---

किसानी करना घाटे का सौदा साबित हो रहा

# किसान आलू की फसल औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर
## लागत 1450 रुपये प्रति क्विंटल, 300-400 रुपये में बिक रहा

- *आलू उत्पादक की बंपर फसल होने से बाजार में भारी आवक से गिरे भाव*
- *भारी आवक के मुकाबले मांग कम है, जिससे कीमतें गिर गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्रदेश के आलू उत्पादक किसान इस समय गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मंडियों में हालात ऐसे बने हुए हैं कि कहीं तखड़ी नहीं लग रही और न ही सही तरीके से बट्टा किया जा रहा है। कई स्थानों पर 100 रुपये में आलू का कट्टा बिकने की नौबत आ गई है। उत्पादन लागत बढ़ने और बाजार भाव गिरने से किसान अपनी लागत तक नहीं निकाल पा रहे, जिससे कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों के अनुसार एक क्विंटल आलू तैयार करने में करीब 1450 रुपये तक खर्च आ रहा है, जबकि मंडियों में 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल ही दाम मिल रहे हैं। लागत और बिक्री मूल्य के इस भारी अंतर ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

### किसान संगठन ने जताई नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि आलू किसान पूरी तरह अव्यवस्थित कृषि व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों ने भरोसे के साथ भारी लागत लगाकर आलू की खेती की, लेकिन फसल तैयार होने के बाद उन्हें न तो उचित मूल्य मिल रहा है और न ही खरीद की कोई गारंटी है। रतनमान ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां और मंडी तंत्र किसानों को राहत देने में विफल साबित हो रहे हैं। गिरते भाव के कारण किसान आर्थिक दलदल में फंसते जा रहे हैं।

**आंदोलन की चेतावनी:** भारतीय किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द हस्तक्षेप नहीं किया तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसानों का कहना है कि ठोस और किसान हितैषी निर्णय तुरंत लिए जाएं, अन्यथा आलू खेती संकट में पड़ जाएगी।

### कॉन्ट्रैक्ट कंपनियों ने किसानों का साथ छोड़ा

किसान नेता रतनमान ने कहा कि निजी कॉन्ट्रैक्ट कंपनियों ने भी किसानों का साथ छोड़ दिया है। पहले आलू व बीज खरीद के पक्के समझौते किए गए, लेकिन अब बाजार भाव गिरते ही रिजेक्शन का बहाना बनाकर खरीद से पीछे हट रही हैं। उन्होंने इसे किसानों के साथ सीधा धोखा बताया और कहा कि इस मनमाने रवैये से किसान दोहरी मार झेल रहे हैं।

**समाधान की मांग:** किसान संगठनों ने मांग की है कि भावांतर भरपाई योजना के तहत आलू का निर्धारित मूल्य 600 रुपये से बढ़ाकर कम से कम 950 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। साथ ही राशि सीधे किसानों के खातों में समयबद्ध जमा हो। प्रति एकड़ 50 हजार का विशेष अनुदान देने की भी मांग उठाई गई है।

### प्रति एकड़ लागत

| मद | राशि (रुपये) |
|---|---|
| खेत तैयारी | 5,000 |
| खाद व कीटनाशक | 9,000 |
| बीज | 25,000 |
| मजदूरी | 5,000 |
| खेत ठेका | 35,000 |
| मंडी खर्च | 2,000 |
| अन्य खर्च | 2,500 |
| ब्याज (1.5%) | 7,000 |
| किसान प्रबंधन | 84,000 |
| कुल खर्च | 1,74,500 |

### उत्पादन व बिक्री की स्थिति

कुल उत्पादन: 120 क्विंटल प्रति एकड़
औसत दर: 400 रुपये प्रति क्विंटल
कुल बिक्री मूल्य: 48,000 रुपये
प्रति क्विंटल लागत: 1450 रुपये
वर्तमान बाजार दर: करीब 400 रुपये

---

कुरुक्षेत्र पुलिस को बड़ी कामयाबी, लाखों रुपये के तार, औजार और बाइक बरामद

# ट्रांसफार्मर चोरी गैंग के चार आरोपी धरे
## 69 चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा

- *चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी भी काबू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी गैंग की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए ट्रांसफार्मर व ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करीब 69 वारदातों को सुलझाते हुए चोरी करने के आरोप में असलम उर्फ काला वासी छोटा बांस जिला यमुनानगर, बिलाल उर्फ अरबाज वासी मोहडी जिला यमुनानगर, प्रदीप वासी डेहा कॉलोनी यमुनानगर व सुखबीर वासी छोटा बांस जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से लाखों रुपए कीमत के करीब 2.5 किवंटल तार ताम्बा व लोहा पत्ती, चोरी करने के औजार तथा वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। उप पुलिस अधीक्षक लाडवा रणधीर सिंह ने प्रेस वार्ता में आरोपियों के बारे में जानकारी दी है।






**कुरुक्षेत्र।** ट्रांसफार्मर चोरी करने में पकड़े गए आरोपी और बरामद सामान। फोटो : हरिभूमि

### बिजली निगम के एसडीओ ने दर्ज कराई थी शिकायत

एसडीओ बिजली निगम लाडवा कुरुक्षेत्र कार्यालय से प्राप्त शिकायतों के माध्यम से बताया गया कि नामपता नामालूम चोरों द्वारा दिनांक 3/4 फरवरी 2026 की रात्रि को गांव बडौदी के किसान बलबीर सिंह, जीवन दास व किशन चंद के खेतों से 16 केवीए ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी कर लिया। जिस बारे बिजली विभाग के कर्मचारियों मौका पर जाकर ने चोरी हुए ट्रांसफार्मरों के सामान का आंकलन किया। जिस शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच की गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा को सौंपी गई।

### चोरी का सामान खरीदने वाले प्रदीप और सुखबीर को पकड़ा

17 फरवरी को अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा प्रभारी निरीक्षक विक्रांत के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक अरविन्द कुमार, एसआईबीरबल, सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार, प्रवीन कुमार, महाबीर सिंह, मुख्य सिपाही महेश कुमार, रिंकू व एसपीओ सुरेन्द्र की टीम ने ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के आरोपी असलम उर्फ काला वासी छोटा बांस जिला यमुनानगर, बिलाल उर्फ अरबाज वासी मोहडी जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी प्रदीप वासी डेहा कॉलोनी यमुनानगर व सुखबीर वासी छोटा बांस जिला यमुनानगर को भी गिरफ्तार कर लिया।

### वारदातों की तह तक जाएगी पुलिस

उप पुलिस अधीक्षक लाडवा रणधीर सिंह ने प्रेस वार्ता में आरोपियों के बारे में जानकारी दी है। आरोपियों से रिमांड अवधि के दौरान 2.5 किवंटल तार ताम्बा, लोहा पत्ती, चोरी करने के औजार सहित वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया। पुलिस का कहना है आरोपियों को रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ की जाएगी।

---

# दो बच्चों को बहला फुसला कर ले जाने का प्रयास

**देर रात दोनों बच्चे घड़ी रोड पर मिले सुरक्षित**

**यमुनानगर।** शहर के पुराना हमीदा क्षेत्र में संदिग्ध महिला द्वारा दो बच्चों को बहला फुंसला कर साथ ले जाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। देर रात दोनों बच्चे शहर के घड़ी रोड पर सुरक्षित मिले। एक बच्चा बेहोशी की हालत में पाया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। यूपी निवासी सुनील ने बताया कि वह परिवार के साथ हमीदा में किराए के मकान में रहता है। उसका 12 वर्षीय लड़का दीपक और नौ वर्षीय दीपांशु वीरवार को दोपहर तीन बजे घर के बाहर खेल रहे थे। इस दौरान वह वहां से लापता हो गए। जब उसकी पत्नी घर लौटी तो उसे बच्चे गायब मिले। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिवार और आसपास के लोगों ने मिलकर बच्चों की तलाश शुरू की। देर रात दोनों बच्चे घड़ी रोड से मिले। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वह तीन बजे के बाद नूरानी मस्जिद के पास खेल रहे थे। इसी दौरान एक महिला उनके पास आई। उसके हाथ में रुमाल था। आरोप है कि महिला ने छोटे बच्चे दीपांशु को उठाकर ले जाने की कोशिश की और उसके मुंह पर रुमाल रखने का प्रयास किया।

# पशुओं की हत्या करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**गैंग में शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

**पानीपत।** पानीपत में यमुना नदी किनारे बसे गांव पत्थरगढ़ के खेतों में बेसहारा पशुओं की हत्या कर मांस काटने मामले में सीआईए टू पुलिस टीम ने सरवर व अयूब उर्फ मल्लू निवासी गांव गढी बेसक जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं इस वारदात में और भी आरोपी शामिल है। इधर, सीआईए टू के थानेदार अभिनंदन ने बताया कि 13 फरवरी को थाना सनौली में पत्थरगढ़ गांव निवासी उधम सिंह, कुलदीप, राजेश व नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके मोहल्ले में एक बेसहारा गाय थी। बीते कई दिनों से गाय गली में नहीं आई तो वे यमुना की तरफ तलाश करने गए। यहां शमेद्दीन के खेत में गाय की रस्सी खून से सनी हुई मिली। नजदीक ही गाय का सिर व अवशेष मिले। उसी जगह पर खोदकर देखा तो 8 से 10 पशुओं के सिर व अवशेष मिले। यह गोकशी की घटना है। थाना सनौली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हरियाणा गौ संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम की धारा 13(1), 13(3) के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्वाई अमल में लाई गई थी। मामले को गंभीरता से लिया गया है।

---

### स्टडी वीजा के नाम पर युवती से ठगे 20 लाख रुपये

**यमुनानगर।** स्टडी वीजा पर आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर गांव ककडौनी निवासी रंजीता व उसके परिवार से 20 लाख रुपये हड़प लिए गए। आस्ट्रेलिया का वीजा न लगने पर आरोपियों ने इंग्लैंड भेजने का भरोसा दिया मगर उसे इंग्लैंड का वीजा भी नहीं मिला। बाद में आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्वाई शुरू कर दी। गांव ककड़ौनी निवासी रंजीता ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात चार जनवरी 2024 को साढौरा निवासी मुंशी अली के साथ हुई। मुंशी अली ने उसे मोहाली निवासी गुरप्रीत चहल से मिलवाया और उसकी बातों में आकर पैसे दे दिए।

- आरोपियों ने न तो पैसे लौटाए और न ही वीजा दिया

### पश्चिमी यमुना नहर में लापता दो भाइयों का नहीं लगा सुराग

**यमुनानगर।** थाना बूड़िया क्षेत्र स्थित पश्चिमी यमुना नहर में पूजा सामग्री विसर्जित करने गए दो सगे भाइयों का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और गोताखोरों की टीमों ने देर शाम तक करीब चार से पांच किलोमीटर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया लेकिन सफलता नहीं मिली। जानकारी के अनुसार भगवानगढ़ निवासी उदय (24) और आर्यन (18) मंगलवार शाम घर से पूजा सामग्री विसर्जित करने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे। बुधवार सुबह बूड़िया के पास नहर किनारे उनकी बाइक खड़ी मिली जबकि पास ही चप्पल पड़ी थी। इसके बाद दोनों के नहर में डूबने की आशंका जताई गई। बूड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया।

- चार से पांच किमी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया

### अंबाला: मां ने पैसे देने से मना किया तो युवक ने की खुदकुशी

**अंबाला।** अंबाला कैंट की तेली मंडी में अभिषेक (21) ने कमरे में ही गार्डर पर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मां विना सामान लेने के लिए दुकान पर गई हुई थी। शाम को लौटी तो देखा कि अभिषेक का शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। हाउसिंग बोर्ड चौकी प्रभारी गुरदेव ने बताया कि अभिषेक कोई काम नहीं करता था। अभिषेक ने अपनी मां से पैसों की डिमांड की थी। मां ने आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मना कर दिया था। इसी को लेकर गुस्से में आकर अभिषेक ने फंदा लगा लिया। हालांकि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद होगा।

- मां सामान लेने के लिए दुकान पर गई थी

---

भाकियू नेता से एसडीएम ने की मुलाकात, नहीं बनी बात

# रिंग रोड से खेतों को जाने के लिए रास्ते की मांग पर अड़े किसान

- पुलिस ने जबरन उखाड़ दिया था किसानों का तंबू, पुलिस के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रिंग रोड से खेतों को जाने के लिए रास्ते की मांग पर अड़े किसानों की एसडीएम विनेश से सहमति नहीं बन पाई। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने खुद एसडीएम से मुलाकात की थी। सहमति न बनने पर किसान फिर सपेहड़ा में धरने पर बैठ गए। हालांकि अभी प्रशासन की ओर से किसानों के विरोध के चलते रिंग रोड का शुरू हुआ काम रूकवा दिया है। बता दें कि बीते रोज किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। निर्माणाधीन रिंग रोड व अंबाला-शामली हाईवे से से खेतों में जाने का रास्ता देने की मांग को लेकर किसान 10 दिन से धरने पर बैठे थे। पुलिस ने उनके तंबू उखाड़ दिए थे। साथ ही कई किसानों को हिरासत में ले लिया था। गुस्साए किसान अंबाला- जगाधरी नेशनल हाईवे जाने करने पहुंच गए थे।



**अंबाला।** पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### हाईवे को जोड़ने को बन रहा रिंग रोड

यहां 5 नेशनल हाईवे को जोड़ने के लिए रिंग रोड बनाया जा रहा है। इसका आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। रिंग रोड बनने के बाद अंबाला से चंडीगढ़ हाइवे , अंबाला-रुड़की हाइवे, अंबाला-जगाधरी, दिल्ली-अमृतसर और अंबाला-हिसार हाइवे एक दूसरे से जुड़ जाएंगे। गांव सपेहड़ा व आसपास के 5 गांव के लोग रिंग रोड से खेतों में जाने का रास्ता मांग रहे हैं। इसी को लेकर गांव सपेड़ा के पास 10 दिन पहले धरना शुरू हुआ था। इस दौरान एनएचएआई के अफसरों से बात भी हुई। हालांकि कोई हल नहीं निकला। किसानों को पुलिस ने जबरन धरने से उठा लिया था। इसी वजह से किसानों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू की थी। इसके बाद पुलिस ने कुछ किसानों को हिरासत में ले लिया।

### बरसाती पानी की निकासी में भी दिक्कत होगी

किसानों का कहना है कि एनएचएआई से बात चल रही थी लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकल सका। यह रिंग रोड बनने से उनके खेतों तक जाने का रास्ता नहीं बचेगा। बरसाती पानी की निकासी में भी दिक्कत होगी, जिससे फसलों नुकसान होगा। इसी वजह से 5 गांव के किसानों ने एनएचएआई से कोई आश्वासन ने मिलने के बाद रिंग रोड के निर्माण में जुटी मशीनों की घेराबंदी शुरू कर दी।

---

# हीर- रांझा, राजा नल दमयंती, वीर विक्रमाजीत के किस्सों की कुरुक्षेत्र में देखने को मिलेगी प्रस्तुति: डॉ. नरेंद्र सिंह

- *सबसे प्राचीन व परंपरागत विद्या सांग महोत्सव 5 दिन में 24 सांगों की होगी प्रस्तुति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



डॉ. नरेन्द्र सिंह

सांग महोत्सव 23 से 27 फरवरी तक रंगशाला के सभागार में आयोजित किया जाएगा

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में पिंगला भरथरी, हीर- रांझा, राजा नल दमयंती, वीर विक्रमाजीत के किस्सों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। प्रदेश में सबसे प्राचीन और परंपरागत विद्या सांग महोत्सव 5 दिन में 24 सांगों की प्रस्तुति दी जाएगी। इन प्रस्तुतियों से पंडित दादा लख्मीचंद, मांगेराम, पाले राम, धनसिंह, रामकिशन व्यास, पंडित जय नारायण, प्यारे लाल को जिंदा रखा जा रहा है। यह सांग महोत्सव 23 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक कलाकृति भवन हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने बातचीत करते हुए बताया कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में धनपत सिंह सांग पुरस्कार के उपलक्ष्य में सांग महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के प्रसिद्ध सांगी धनपत सिंह के हरियाणा लोक संस्कृति योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा उपरांत धनपत सिंह सांगी की स्मृति में इस वर्ष धनपत सिंह सांगी पुरस्कार की घोषणा की जानी है। इसके लिए 23 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक कलाकृति भवन हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में सांग महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पंचायती राज उपचुनाव को लेकर शेड्यूल जारी



**यमुनानगर।** पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2026 में होने वाले उपचुनाव को लेकर मतदाता सूचियों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च को किया जाएगा। उक्त जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने दी।
जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत प्रीति ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों की हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 163 व हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1994 के नियम आठ में दिए गए प्रावधान के अनुसार राज्य निवार्चन आयोग हरियाणा द्वारा जारी करके पंचों, सरपंचों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के सदस्यों के रिक्त पदों के चुनाव से पूर्व पंचायती राज संस्थाओं की वर्तमान मतदाता सूची को विधानसभा मतदाता सूचियों के अनुरूप दिशा निर्देश जारी किए गए है।

### तरक्की की सबसे सशक्त राह है शिक्षा: जैन

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में श्री शीतल दास जैन फाउंडेशन द्वारा हम किसी से कम नहीं कार्यक्रम में तीन सौ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कपिल जैन मैनेजिंग डायरेक्टर श्री शीतल दास जैन फाउंडेशन और ऋतु जैन ट्रस्टी ने भाग लिया और 80 प्रतिशत से अंक पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका हौंसला बढाया। वहीं मेहमानों का स्वागत प्रधान दिनेश गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पौधे रोपित गमलें भेंट करके किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी मेधावी विद्यार्थियों को दोपहर भोजन खिलाया गया। डॉ.मोनिका खुराना ने किया। कपिल जैन ने कहा कि एसएसडीजे फाउंडेशन एक पारिवारिक ट्रस्ट है जो अपने स्वयं के फंड का उपयोग करता है और परिवार के सदस्यों द्वारा इसकी देख रेख की जाती है।

### बाल विवाह का विरोध करें बेटियां: संयोगिता

**समालखा।** एमडीडी ऑफ इंडिया ने बाल विवाह मुक्ति रथ के माध्यम से गांव हल्दाना, पट्टीकल्याणा, भोड़वाल माजरी, महावटी के ग्रामीणों के बीच बाल विवाह के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया। वहीं गांव भोड़वाल माजरी की सरपंच संयोगिता ने कहा कि आज के आधुनिक भारत में बाल विवाह जैसी कुरीतियों मानवता के उपर कलंक की तहर है। वहीं, बाल विवाह संस्कार नहीं बल्कि दो किशोरों के जीवन के साथ खिलवाड है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होना चाहिए, वहीं जीवन को बर्बाद करने वाली इस कुरीति के खिलाफ बेटियों को भी अनी आवाज बुलंद करनी चाहिए।

### सामूहिक विवाह में 14 जोड़े बनें जीवन साथी

**समालखा।** महाराज अग्रसेन पब्लिक स्कूल परिसर में श्याम सेवा मंडल के 17 वें कन्या विवाह समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को 14 कन्याओं का सामूहिक विवाह विधि-विधान एवं धूमधाम से संपन्न कराया गया। वहीं, कार्यक्रम में कृष भड़ाना, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामबिलास व मंगत राम शर्मा ने शिरकत की। इधर, श्याम सेवा मंडल समालखा ने कुमारी रंजीता को समाज की उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित भी किया।

### समस्याओं का त्वतरित समाधान करें : डॉ पंकज

**पानीपत।** जिला सचिवालय में शुक्रवार को सामाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक वर्चुअल समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा बैठक में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर हरियाणा सरकार में सचिव मोहम्मद शाइन ने की। उन्होंने, पानीपत में दर्ज शिकायतों के तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा प्रस्तुत की।

---

## तापमान में बढ़ोत्तरी को लेकर जिले के किसानों की बढ़ी चिंता

# गर्मी से गेहूं की अगेती फसल में नुकसान का अंदेशा, बोनस की मांग

पैदावर कम होने के कारण किसानों ने गेहूं की फसल पर प्रदेश सरकार से की प्रति क्विंटल 500 रुपये के बोनस की मांग



**यमुनानगर।** खेत में खड़ी गेहूं की फसल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मौसम में बढ़ते तापमान और सर्दी के मौसम में इस बार पर्याप्त बारिश नहीं होने से गेहूं की पैदावार को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि अबकी बार जहां सर्दी के मौसम में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। वहीं, अब अगेती गेहूं की फसल में बालियों का निसराव शुरु होते ही मौसम में तापमान बढ़ने लगा है। जिसकी वजह से अगेती व पछेती गेहूं की फसल में अपेक्षा के अनुरूप ग्रोथ नहीं हो सकी है। उन्हें आशंका है कि इस बार गेहूं की पैदावार कम होने से उन्हें आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ सकता है। किसान सोहन सिंह, गुरप्रीत सिंह, पवन कुमार, विक्रांत सिंह, राजबीर सिंह व विरेंद्र आदि का कहना है कि किसानों को जहां फसलों के लागत के अनुरूप दाम नहीं मिल रहे हैं। वहीं, मौसम भी उनके साथ बेरूखी करने लगा है। इसका उदहारण यह है कि इस बार जहां सर्दी के मौसम में एक बार भी तेज बारिश नहीं हुई है। वहीं, बारिश नहीं होने से मौसम में फसल के अनुकूल ठंड भी नहीं हुई है। गेहूं की अगेती फसल प्रदेश के यमुनानगर जिले के अलावा अन्य कई जिलों में पकाई की ओर अग्रसर है। किसानों में गेहूं की फसल को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही है। कुछ दिन पहले हुई बारिश के बाद से मौसम में दोबारा से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज हो रही है। जो किसानों के लिए चिंता का विषय बन रही है। मौसम के अलावा प्रदेश के किसानों को फसलों के दामों की भी चिंता बनी हुई है। इस बार प्रदेश सरकार ने गेहूं के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। किसान सरकार से गेहूं व सरसों की फसलों के दामों में बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे है। हाल में हरियाणा सरकार का बजट सत्र शुरू हुआ है। किसानों को उम्मीद है कि प्रदेश सरकार इस बार बजट में फसलों के दामों में ईजाफा करके किसानों को खुश करने का काम करेगी।

### उत्पादन हो सकता है प्रभावित

प्रगतिशील किसान जयबीर सिंह, सुखदेव सिंह व सतीश आदि का कहना है कि पिछले कई दिन से मौसम में तापमान भी बढ़ने लगा है। इस समय अगेती गेहूं में बालियों का निसराव चल रहा है। वहीं, पछेती किस्म की गेहूं की फसल में ग्रोथ बनने का समय है। मगर ऐसे में मौसम में तापमान का बढ़ना अगेती व पछेती किस्म की गेहूं की फसल के लिए नुक्सानदायक है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह तापमान में वृद्धि होती रही तो गेहूं की फसल की पैदावार कम होने की आशंका है। किसानों ने प्रदेश सरकार से किसानों की समस्या को देखते हुए इस बार गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल कम से कम पांच सौ रुपये बोनस दिए जाने की मांग की।

### गेहूं की फसल में निसराव के समय सिंचाई करने में बरतें ऐहतियात

कृषि विशेषज्ञ डॉ. सोहन सिंह मग्घा का कहना है कि गेहूं की फसल में निसराव के समय इस बढ़ते तापमान में सिंचाई करने में ऐहतियात बरतना जरुरी है। हवा चलने के दौरान अगेती गेहूं की फसल में सिंचाई करने से बचें। ताकि सिंचाई करने के बाद हवा चलने के कारण गेहूं की फसल में नीचे गिरकर खराब ना हो सके और उसमें झोलापन ना आ सके।

---

# महिलाओं की शिकायतों पर हो त्वरित कार्रवाई: नीलम



**यमुनानगर।** महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को बस स्टैंड जगाधरी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस स्टैंड पर मौजूद महिलाओं व छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में जिला सेफ सिटी टीम की प्रभारी एएसआई नीलम ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एएसआई नीलम ने बताया कि जिला में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरुकता अभियान चलाया हुआ है। ताकि महिलाओं व छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा सके। एएसआई नीलम ने कार्यक्रम में महिलाओं व छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति विभिन्न जानकारियां विस्तार से दी। मौके पर उन्होंने कई महिलाओं व छात्राओं के मोबाइल फोन में इमरजेंसी सेवा प्रदान करने के लिए 112 एप डाउनलोड करवाया और उसके सही उपयोग की प्रक्रिया समझाई। एएसआई नीलम ने बताया कि इस एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस एप के जरिए कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति की लोकेशन स्वतः ही पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है। जिससे समय पर मदद मिलना संभव हो पाता है।

---

# गांव फूंसगढ़ में कचरा निस्तारण प्लांट और खेड़ा में शमशान घाट का निरीक्षण

- सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था नियमित करवाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**यमुनानगर।** जगाधरी में अधिकारियों की बैठक लेते मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से सुमन बहमनी ने शुक्रवार को नगर निगम के वार्ड नंबर 22 एवं 19 में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांची। मौके पर पहुंचकर मेयर ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी ड्यूटी, कार्य क्षेत्र और रोजाना की रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जानकारी भी ली। मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के उपरांत मेयर ने गांव फूंसगढ़ कैल कचरा निस्तारण प्लांट तथा खेड़ा गांव के श्मशान घाट का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कचरा निस्तारण प्लांट में पहुंचकर कूड़े के संग्रहण, छंटाई और निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली और वहां मौजूद कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। गांव फूंसगढ़ में उन्होंने नालियों की स्थिति तथा सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

---

## शिविर में 35 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**यमुनानगर।** मिशन रक्त क्रांति हिंदुस्तान अभियान के तहत स्माइल फाउंडेशन संस्था द्वारा शुक्रवार को जिला रैडक्रास कार्यालय में थैलेसीमिया बच्चों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में उपायुक्त प्रीति ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों व रैडक्रास की टीम ने रक्तदाताओं से 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मौके पर उपायुक्त प्रीति ने कहा कि रक्तदान करना वास्तव में एक वीरतापूर्ण कार्य है। जिसे अक्सर जीवनदान कहा जाता है।

---

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें अधिकारी: श्याम सिंह

- पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों की बीडीपीओ कार्यालय में हुई बैठक



**यमुनानगर।** जगाधरी में अधिकारियों की बैठक लेते मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक का आयोजन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय जगाधरी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों के साथ रादौर विधानसभा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों में जो भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं उन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं,जो विकास कार्य अभी शुरू नहीं किए। उन्हें शीघ्र ही शुरू करवाए। उन्होंने कहा कि रादौर विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने एचआरडी स्कीम, विधायक आदर्श ग्राम योजना व अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री की जो घोषणाएं थी उनका रिव्यू किया गया। सरपंचों व सरकारी कर्मचारियों को तालमेल बना कर कार्य करें। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ जसविंद्र सिंह, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, बीडीपीओ श्याम लाल, बीडीपीओ सिमरन, कार्यकारी अभियंता जिला परिषद नरेश ढिल्लो, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज लव कुमार, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग पुनित मित्तल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

---

# ऑनलाइन टिकट फ्रॉड से लोग रहें सावधान: गोयल

- पुलिस प्रशासन ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग से जुड़े बढ़ते साइबर फ्राड से नागरिकों को सावधान करने के लिए जारी की एडवाइजरी



**यमुनानगर।** ऑनलाइन टिकट बुकिंग के फ्राड से सावधान करते एसपी कमलदीप गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आनलाइन टिकट बुकिंग से जुड़े बढ़ते साइबर फ्राड के मामलों से नागरिकों को सतर्क करने के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। ताकि नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सके। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने उक्त जानकारी देते हुए जिले के नागरिकों को ऑनलाइन टिकट बुकिंग करते समय सतर्क रहने के लिए आहवान किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि हाल के दिनों में ऐसे अनेक प्रकरण सामने आए हैं। जिनमें साइबर अपराधी रेलवे, बस, एयर लाइन अथवा मूवी टिकट बुकिंग के नाम पर फर्जी वेबसाइट व मोबाइल ऐप तैयार कर आमजन को ठग रहे हैं। कई मामलों में लोग आईआरसीटीसी,रैडबस, मेक माई ट्रिप व बुक माई शो जैसी लोकप्रिय वेबसाइटों के नाम से मिलती जुलती फर्जी वेबसाइट या लिंक पर जाकर टिकट बुक कर लेते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उनके बैंक खाते या यूपीआई से रकम निकल जाती है। उन्होंने बताया कि थोड़ी सी सावधानी बड़े आर्थिक नुकसान से बचा सकती है।

---

# इंटरैक्शन सत्र में छात्रों को किया जागरूक

- वर्तमान इंडस्ट्री ट्रेंड्स, रियल वर्ल्ड एप्लिकेशन्स पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को एल्युमनी इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की पूर्व छात्र हिमांशु प्रजापति एवं मयंक ने विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सत्र प्रस्तुत किया।

उन्होंने एआई की मूल अवधारणाओं, वर्तमान इंडस्ट्री ट्रेंड्स, रियल.वर्ल्ड एप्लिकेशन्स तथा करियर की व्यापक संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



**रादौर।** कॉलेज में जानकारी देती मुख्यवक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### लॉजिकल थिंकिंग विकसित करने का दिया संदेश

उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ लॉजिकल थिंकिंग, समस्या-समाधान क्षमता एवं निरंतर सीखने की आदत विकसित करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्तए संस्थान की पूर्व छात्रा रिया ने बीसीए के विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया। उन्होंने अपने प्रोफेशनल एवं इंडस्ट्री अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रोजेक्ट.आधारित लर्निंगए इंटर्नशिप के महत्वए इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स, प्लेसमेंट तैयारी एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि एल्युमनी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ.साथ इंडस्ट्री-ओरिएंटेड एक्सपोजर भी मिले, जिससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बन सकें।

---

# छछरौली में 22 को होगा विशाल हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



सर्व सनातन मंच द्वारा 22 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाई स्कूल छछरौली में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को सर्व सनातन मंच के सदस्यों ने छछरौली बाजार व कालोनियों में पहुंचकर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण दिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करना तथा सामाजिक सरोकारों पर व्यापक चर्चा करना है।

सर्व सनातन मंच के सदस्य कंवर भारती, कुलवंत मित्तल, सुरेश चौहान व शाम शर्मा आदि ने बताया कि इस सम्मेलन में संत-महात्माओं, विद्वानों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की भागीदारी रहेगी। सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। सर्व सनातन मंच के पदाधिकारियों ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

---



**यमुनानगर।** कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### पे-रोल कर्मचारियों का दूसरे दिन जारी रहा प्रदर्शन

**रादौर।** बिजली निगम कार्यालय रादौर में एचएसईबी वर्कर यूनियन की ओर से कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। प्रधान प्रवीण सैनी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन में सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। प्रधान प्रवीण सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुबंधित कर्मचारी नीति 01.09.2006 भाग 2 के अंतर्गत वर्ष 2008 से बिजली विभाग हरियाणा में कार्यरत डायरेक्ट पे-रोल कर्मचारियों को जबरन हरियाणा कौशल रोजगार निगम में जोडने का काम कर रही है। जिसका विरोध वे लगातार करते आ रहे है। प्रदेश बिजली विभाग की प्रत्येक सब-डिवीजन में कर्मचारी यूनियन हरियाणा कर्मचारी महासंघ व डायरेक्ट पे-रोल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान राजेश कुमार, सचिव मोहन कंडरौली, सह सचिव निर्मल, अभिलाष, संटी कांबोज, मंजेश, संजय, कुलदीप मौजूद रहे।

---

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को लेकर की अधिकारियों से बैठक

# जिले की सड़कों को दुर्घटना रहित बनाएं अधिकारी : प्रीति

सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए नए ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थानों को ठीक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अधिकारियों की बैठक लेती जिला उपायुक्त व एसपी।

जिला उपायुक्त प्रीति ने जिला सचिवालय सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर बैठक का आयोजन किया। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला को सड़क दुर्घटना रहित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट किया कि जिला यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति जो सुझाव दें, उन पर अधिकारी शीघ्रता से संज्ञान लेकर सड़क के उन बिंदुओ पर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाएं, जहां पर अधिक दुर्घटनाएं होती है। उन्होंने कहा कि हमें सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता अवश्य करनी चाहिए। उपायुक्त ने सभी वाहन चालकों का आह्वान किया कि वे वाहन चलाते समय विशेष सावधानियां बरतें और वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। उपायुक्त ने जिला के सभी स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल व अविभावक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी नाबालिग बच्चा वाहन न चलाएं और स्कूल, कोचिंग सैंटर संचालक व प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि उनके संस्थान में कोई भी नाबालिग बच्चा वाहन लेकर न आएं।

### बच्चों को वाहन चलाने की न दें अनुमति

उपायुक्त ने जिला के सभी अभिभावकों से अपील की कि अपने नाबालिग बच्चों को स्कूल व कोचिंग संस्थानों में वाहन ले जाने व चलाने की अनुमति न दें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व पुलिस यातायात प्रबंधक को निर्देश दिए कि इन आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटना में मृत्यु होने से जहां एक व्यक्ति की जान जाती है, वहीं उसके परिवार को भी जीवन भर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर उनकों ठीक करें। डीसी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी को निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे पर सभी अवैध कट को बंद करवाएं जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** हिन्दी कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, निबंधकार, आलोचक, अनुवादक, संपादक तथा बाल साहित्यकार सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के जन्मदिन के अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त केंद्र में आज शनिवार को प्रातः 10 बजे से 1 बजे के मध्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर पुण्य लाभ ले सकता है।

### 2812 लाभार्थी उठा रहे योजना का लाभ

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत गरीब लोगों का उत्थान करके उनकी आय को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के सबसे गरीब परिवारों की वार्षिक आय बढ़ाकर कम से कम 1.80 लाख रुपये करना है। इस योजना के माध्यम से, परिवार पहचान पत्र के आधार पर चिन्हित परिवारों को कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार के अवसरों से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जा रहा है।

### आरके सदन में सप्तशक्ति संगम का समापन कल

**कुरुक्षेत्र।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में अखिल भारतीय स्तर पर महिलाओं का, महिलाओं के लिए तथा महिलाओं द्वारा 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम की योजना बनाई गई। हरियाणा प्रांत में 80 से अधिक कार्यक्रम विद्या भारती विद्यालयों द्वारा आयोजित किए गए हैं जिसके समापन समारोह का आयोजन 22 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे आर.के. सदन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र द्वारा किया जा रहा है।

### 23 से 25 फरवरी तक लागू रहेगी धारा 163

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के किसानों के तीन दिवसीय महापड़ाव, धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। ऐसे में शहर के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए 23 फरवरी से 25 फरवरी तक बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू की जाती है।

### युवाओं को इतिहास पर गर्व करना सिखाते हैं शिवाजी

**कुरुक्षेत्र।** छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि आदर्श शासन व्यवस्था और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। यह विचार हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने व्यक्त किए। वे आज बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित एक विचार संगोष्ठी में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## सांसद ने वॉलीबॉल कोर्ट का किया उद्घाटन, बंदियों को कानूनी सहायता का आश्वासन

# अपराध से दूरी बनाकर खेल व सकारात्मक गतिविधियों को अपनाएं : नवीन जिन्दल

***जीवन में इंसान से गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उनसे सीख लेकर स्वयं को सुधारना ही सच्चा साहस है***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कारागार एवं सुधार गृह में एक नई सकारात्मक पहल की शुरूआत हुई, जब नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सहयोग से कुरुक्षेत्र प्रिजनर्स प्रीमियर लीग (केपीपीएल) का आगाज, एग्जीबिशन मैच द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नवीन जिन्दल ने भाग लिया और बंदियों के बीच आयोजित वॉलीबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने फाउंडेशन द्वारा स्थापित नए वॉलीबॉल कोर्ट का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में इंसान से गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उनसे सीख लेकर स्वयं को सुधारना ही सच्चा साहस है। जेल केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और नई शुरूआत का अवसर भी है। सांसद जिन्दल ने कहा कि कई बार कानूनी प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण निर्दोष व्यक्ति भी कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं। उनका प्रयास रहेगा कि ऐसे बंदियों का डेटा एकत्रित किया जाए, जो बेकसूर होने के बावजूद फंस गए हैं या छोटे अपराध के बदले लंबी सजा काट रहे हैं। इस संबंध में वे सरकार के समक्ष विचार हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे तथा संसद में भी आवाज उठाएंगे कि जो व्यक्ति अपराध छोड़कर शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहता है, उसे सुधार का अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रावधान किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल व्यक्ति के भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। इसी उद्देश्य से कारागार में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।



कुरुक्षेत्र। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सांसद नवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

### लीग को बड़े स्तर पर आयोजित करें

नवीन जिन्दल ने जेल प्रशासन से आग्रह किया कि यदि अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता हो तो वह भी उपलब्ध कराई जाएगी। उनका लक्ष्य है कि अप्रैल माह से इस लीग को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाए। सांसद जिन्दल ने बंदियों से आह्वान किया कि वे अपराध से दूरी बनाकर खेल और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाएं। अब समय है जेल से खेल की शुरूआत करने का। साथ ही उन्होंने जेल में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने की भी बात कही, ताकि बंदियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी मिल सके और वे समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक पुनः जुड़ सकें। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक धर्मवीर सिंह और जेल प्रशासन के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। जिला कारागार एवं सुधार गृह में वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन करते सांसद नवीन जिंदल।



कुरुक्षेत्र। हवन कुंड में आहुति डालते यजमान। फोटो : हरिभूमि

# गुरुकुल पहुंची सनातन जागरण राष्ट्र कल्याण यात्रा

*युवा पीढ़ी को वैदिक संस्कृति से जोड़ना होगा : आचार्य नरेन्द्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वैदिक संस्कृति के ध्वजवाहक आचार्य नरेन्द्र के पावन सान्निध्य में रामेश्वरम् से कश्मीर के लाल चौक तक निकाली जा रही सनातन जागरण राष्ट्र कल्याण यज्ञ यात्रा वीरवार को गुरुकुल कुरुक्षेत्र परिसर में पहुंची जहां पर आर्ष महाविद्यालय के आचार्य सत्यप्रकाश, गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य सहित अन्य स्टाफ ने यज्ञ यात्रा में शामिल सभी आर्यजनों का ओ*म के पटके द्वारा भव्य अभिनन्दन किया। इस अवसर पर गुरुकुल के ब्रह्मचारियों को सम्बोधित करते हुए आचार्य नरेन्द्र ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को वैदिक संस्कृति से जोड़ना बेहद आवश्यक है क्योंकि आज युवा पश्चिमी संस्कृति की चकाचौंध में अपने पुरातन संस्कारों को भूलता जा रहा है। हमारे घरों में प्रतिदिन यज्ञ और अतिथि देवो भव की परम्परा थीं जो आज विलुप्त हो रही है, यह चिंता का विषय है।

### यात्रा का किया स्वागत

आचार्य नरेन्द्र ने कहा कि आर्यवर्त्त हमारे देश का प्राचीन नाम है जो आर्यों के नाम से विख्यात रहा है मगर आज हालात यह हैं कि देश के कई भागां में वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार और अग्निहोत्र करने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ती है। व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने आचार्य नरेन्द्र सहित पधारे सभी महानुभावों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु यह यज्ञ यात्रा एक जन-जागरण के रूप में पहचान बना रही है, अनेक स्थानों पर यज्ञ यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने यज्ञ यात्रा में साथ चल रहे हवन कुण्ड में आहुति प्रदान कर विश्व कल्याण की कामना भी की। निश्चित तौर पर इस यज्ञ यात्रा से युवाओं में वैदिक संस्कृति और सनातन धर्म को लेकर विशेष आकर्षण उत्पन्न हो रहा है और युवा बड़ी संख्या में इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम् से श्रीनगर के लाल चौक तक 1400 किमी. का लम्बा सफर तय कर लोगों में वैदिक संस्कृति के प्रति जाग्रति लाने वाले आचार्य नरेन्द्र सही मायनों में ऋषि दयानन्द के कृण्वन्तो विश्वार्यम् के ध्येय को पूरा करने में अहम योगदान दे रहे हैं। यह यज्ञ यात्रा लोगों में एक नई जाग्रति लाने में विशेष भूमिका अदा करेगी।

# 25 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी भागवत कथा: सुनील वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण कृपा गोशाला समिति द्वारा स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से प्रभात फेरी का आयोजन सपड़ा कॉलोनी में श्रीमती रेखा गाबा के निवास स्थान पर किया गया। श्रीमद् भागवत कथा तथा होली उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

मैं तो वृंदावन का मोर बनु, गाऊ राधे राधे की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे और पूरा वातावरण हरि नाम की गूंज से भक्तिमय हो उठा। प्रभात फेरी के आयोजक मेहर चंद गाबा, पंकज गाबा, अनमोल, रेखा गाबा,



कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण कृपा गोशाला समिति की बैठक में भाग लेते सदस्य।

शिल्पा, सेजेल सहित क्षेत्रवासियों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। प्रभात फेरी में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। ठाकुर जी की आरती के साथ प्रभात फेरी संपन्न हुई। प्रभात फेरी आयोजक परिवार को समिति के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा गोशाला के प्रांगण में आयोजित भागवत कथा तथा होली उत्सव को लेकर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता समिति की बैठक गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित हुई।

### वैदिक काल से मानव जीवन का आधार यज्ञ दान व तप को माना गया

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हुड्डा ग्राउंड नजदीक सेक्टर 10 सेक्टर 7 के सामने कुरुक्षेत्र में आयोजित श्रीकृष्ण कथा के चतुर्थ दिवस में प्रभु के अवरण की गाथा का वर्णन करते हुए दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य भागवत भास्कर साध्वी सुश्री कालिंदी भारती ने बताया कि जब-जब प्रभु इस धराधाम पर अवरित होते हैं धर्म की स्थापना करने के लिए तो उसके अवतरण एक प्रयोजन गौ की रक्षा करना भी होता है। सुश्री कांलिदी भारती ने कहा कि गौ की रक्षा व हित संवर्धन के लिए स्वयं परमात्मा इस धरती पर आते हैं पर उनकी सन्तान इस सेवा से क्यों वंचित हैं? वैदिक काल से मानव जीवन का आधार यज्ञ, दान व तप को माना गया है।

# किड्स डीपीएस स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में लिया भाग

- कक्षा प्ले ग्रुप से द्वितीय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्स डीपीएस स्कूल मोहन नगर में वार्षिक खेल उत्सव पूरे जोर शोर से मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर, प्रधानाचार्य, कोऑर्डिनेटर और अध्यापिकाओं द्वारा आकाश में केसरिया,सफेद और हरे रंग के गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। उसके बाद प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं ने मशाल हाथ में लेकर दौड़ लगाते हुए समारोह को आगे बढ़ाया। कक्षा प्ले



कुरुक्षेत्र। विजेता बच्चे खुशी का इजहार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ग्रुप से द्वितीय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इसके अंतर्गत रेस - क्राउलिंग रेस,राइडर रेस, जैली फिश रेस, बटरफ्लाई रेस,ऑब्सटेकल रेस, पिक एंड ड्रॉप रेस, फ्लैट रेस,हर्डल रेस, सैक रेस, बैलून बर्स्टिंग रेस के साथ-साथ गेट रेडी फॉर स्कूल रेस , बॉल एंड सौसर रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, लेमन एंड स्पून रेस आदि करवाए गए । राइडर रेस में रुद्र प्रथम, रेयाश द्वितीय, लिरॉय तृतीय,फ्लैट रेस में मनराज प्रथम,आदया द्वितीय, मंश तृतीय, क्रॉलिंग रेस में रुद्राक्षा प्रथम, हरनूर द्वितीय, माणिक तृतीय स्थान पर रहे।



### उत्तराखंड में लंगर हाल के निर्माण के लिए हुआ विधिवत भूमि पूजन

**पिहोवा।** उत्तराखंड के जिला पौड़ी गढ़वाल के गांव डामक में मां धारी देवी मंदिर के निकट स्थित श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी आश्रम को भव्य रूप देने के लिए कई योजनाएं अमल में लाई जा रही है। यह जानकारी देते आश्रम के सेवादार रामकुमार शर्मा पटियाला ने बताया कि भारत साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य में चलाए जा रहे आश्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंगर भवन में लोहे के शेड के स्थान पर लेंटर डालने को लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में अनेकों गणमान्यजन मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आश्रम की ओर से पिछले 22 वर्षों से ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी महाराज की प्रेरणा एवं श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में चार धाम की यात्रा पर आना जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था निरंतर जारी है।

# रोटरी क्लब ने राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को जूते किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा बच्चों की मदद के लिए एक नेक पहल करते हुए राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लोटनी के छात्र-छात्राओं को 100 जोड़ी जूते वितरित किए गए। विशेष रूप से यह प्रोजेक्ट रोटेरियन महेश गोयल द्वारा प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि क्लब का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और बच्चों के कल्याण के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें बुनियादी



शाहबाद। विद्यार्थियों को जूते वितरित करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सुविधाएं प्रदान करना हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. महेश गोयल ने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हमने जब लोटनी स्कूल के बच्चों की जरूरत को समझा, तो तुरंत यह निर्णय लिया कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण जूते उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे आत्मविश्वास के साथ स्कूल आ सकें। यह छोटा सा सहयोग बच्चों के प्रति हमारे प्रेम और जिम्मेदारी का प्रतीक है।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते गुदगुदी जंक्शन समूह के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### गुदगुदी जंक्शन का चतुर्थ वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम कल

**कुरुक्षेत्र।** नगर में 6 वर्षों से लोगों को संगीत से जोड़ते हुए मनोरंजन करते संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा भव्य संगीतमयी कार्यक्रम /"सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम/" 22 फरवरी को आयोजित होगा,जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी देते हुए व्यवस्थापक अधिवक्ता सचिन गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता के सेक्टर 13 स्थित प्रतिष्ठान पर शुक्रवार को बैठक हुई। समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन करते हुए संरक्षक जितेंद्र बंसल ने बताया कि म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के चतुर्थ वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम के अंतर्गत /"सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम/" रविवार,22 फरवरी को पिपली रोड़ स्थित एक मैरिज पैलेस में दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक होगा।



शाहबाद। विद्यार्थियों को बधाई देते प्रधानाचार्य डॉ. घुम्मन। फोटो : हरिभूमि

### सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**शाहबाद।** स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। रंशुल मित्तल ने 98 परसेंटाइल, शिवांश ने 95.8 परसेंटाइल तथा गुरवंश ने 93.7 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रधानाचार्य डॉ. घुम्मन ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, अनुशासित तैयारी, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों की लगन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सही दिशा और सकारात्मक सोच से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समस्त अध्यापक वर्ग को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे इसी प्रकार परिश्रम और अनुशासन बनाए रखें, उच्च लक्ष्यों को निर्धारित करें और अपने ज्ञान व कौशल से समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें।

## धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भारत रणभूमि दर्शन यात्रा का किया स्वागत

# सैनिकों का त्याग व बलिदान अतुलनीय: सांसद

- सांसद नवीन जिन्दल ने सैनिकों और वीर नारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के थर्ड गेट से जैसे ही भारत रणभूमि दर्शन यात्रा के सैन्य वाहनों ने प्रवेश किया, पूरा परिसर देशभक्ति के उल्लास से सराबोर हो गया। सैन्य बैंड की मधुर धुनों और एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन के बीच सांसद नवीन जिन्दल और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने



कुरुक्षेत्र। वीर नारियों को सम्मानित करते सांसद नवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

गर्मजोशी से सैनिकों का स्वागत किया और यात्रा को 'फ्लैग इन' किया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आर.के. सदन में आज आयोजित कार्यक्रम में मेजर जनरल अरविंद यादव ने सांसद नवीन जिन्दल और कुलपति को यात्रा के उद्देश्यों और अब तक के वृत्तांत से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह यात्रा किस प्रकार राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है। इस दौरान मेजर जनरल यादव ने थल सेना, नौसेना और बीएसएफ के जांबाजों का परिचय सांसद जिन्दल से कराया। सैनिकों ने एक विशेष वीडियो के माध्यम से अपनी यात्रा के प्रेरक संस्मरण साझा किए और तिरंगे के सम्मान के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा किये गए ऐतिहासिक प्रयासों की सराहना की। सांसद नवीन जिन्दल ने लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर तारापोर, मेजर होशियार सिंह और सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल जैसे अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों की त्याग और बलिदान की भावना अतुलनीय है।

### सम्मान राशि 21 हजार रुपये करने की घोषणा

इस अवसर पर सांसद जिन्दल ने वीर नारियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें दी जाने वाली सम्मान राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 21,000 रुपये करने की घोषणा की। कार्यक्रम में कारगिल योद्धाओं और यात्रा में शामिल सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल (रिटायर्ड) अशीम कोहली ने सभी सैनिकों को राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मेजर जनरल अरविंद यादव और उनकी टीम ने साहस एवं शौर्य के प्रतीक स्वरूप सांसद नवीन जिन्दल को 'तोप' का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के विजन और जिन्दल स्टील के सहयोग से आयोजित राष्ट्रभक्ति के इस कार्यक्रम में सांसद नवीन जिन्दल ने नागरिकों से अपील की कि वे देश के पावन प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सम्मान करें और उसके सम्मान के लिए काम करें।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभागार में समाधान शिविरों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने आयोजित शिविरों में प्राप्त शिकायतों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा लंबित मामलों के समयबद्ध और संतोषजनक निपटान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविरों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए किया प्रेरित

**शहजादपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर सरकारी महिला महाविद्यालय में बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ शुरू हुआ। 25 फरवरी तक चलने वाले इस शिविर का शुभारंभ एनएसएस गीत से हुआ और इसका उद्घाटन सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजबीर सिंह सिंधु ने प्रधानाचार्य डॉ. कश्मीर सिंह की उपस्थिति में किया। सिंधु ने एनएसएस स्वयंसेवकों को जागरूक, अनुशासित और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पित जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### साइबर अपराध पर सेमिनार का आयोजन

**शहजादपुर।** सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर, में साइबर अपराध पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार का संचालन सम्मानित वक्ताओं गुरमीत सिंह, अधिवक्ता और रघुबीर सिंह, पीएलवी, नंबरदारद्वारा किया गया।वक्ताओं ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और समाज पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, उनसे बचाव के तरीकों और पीड़ितों के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

### सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की

**शहजादपुर।** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के 55वें जन्मदिन के अवसर पर गांव लोटों स्थित सेवा सदन में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ चंद्र पाल शास्त्री द्वारा विधि-विधान से संपन्न करवाया गया, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके उपरांत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। बता दें कि डॉ पवन सैनी आज 55 वर्ष के हुए है, इसलिए 55 यूनिट ही रक्त लिया गया।

### मामूली विवाद को लेकर डंडे से किया हमला

**बराड़ा।** तंदवाली गांव में ट्यूबवेल चलाने को लेकर दो व्यक्ति ने बुजुर्ग पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल इंदिरा कॉलोनी के बलकार सिंह ने बताया कि उनकी तंदवाली गांव में 9 किल्ले जमीन है। यह जमीन संजू कुमार को ठेके पर दी हुई है। बीते रोज संजू का फोन आया कि गांव के ही मक्खन सिंह व लवली ने ट्यूबवेल बंद कर दिया है। पानी नहीं लगाने दे रहे।

---

### पद्मश्री के लिए नामित प्रसिद्ध हॉकी कोच का किया स्वागत

# हॉकी खिलाड़ियों की डाइट के खर्च का समर्थन करे राज्य सरकार: सिंह

**बेहतरीन खिलाड़ियों की पौध तैयार करने के लिए हर जिले में बने एस्ट्रो ट्रैक**



- प्रदेश की खेल नीति को अन्य राज्य भी अपना रहे
- खेलों में पंजाब हरियाणा से काफी पीछे

**अंबाला।** हॉकी कोच बलदेव सिंह को अभिनंदन करते विज व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पद्मश्री के लिए नामित प्रसिद्ध हॉकी कोच बलदेव सिंह का शुक्रवार को अंबाला छावनी पहुंचने पर हॉकी अंबाला के अध्यक्ष राजिंदर विज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बलदेव सिंह ने अंबाला में हॉकी एस्ट्रोटर्फ बनाने की आवश्यकता पर चर्चा की, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। इसके बाद अंबाला छावनी स्थित खालसा स्कूल में भी उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रचार्य केपी सिंह, रजेंद्र सिंह जिंदू, बीएस कांबोज, प्रेमनाथ सभ्रवाल, एसएस मान, संजीव भूरा, एसएचओ लखबीर सिंह, लोकेश मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।बलदेव सिंह ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उन्हें जो सम्मान दिया है, उसी के कारण यह संदेश केंद्र सरकार तक पहुंचा और उन्हें पद्म श्री से नामित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खेल नीति अत्यधिक प्रभावी रही है। इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं, जिसके कारण प्रदेश खेलों के मामले में सबसे ऊपर है। कोच बलदेव सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश की खेल नीति को अन्य राज्य भी अपनाने लगे हैं। इसके कारण ही प्रदेश के परिणाम सकारात्मक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खेल मंत्री रहे अनिल विज ने उनके साथ हमेशा समर्थन किया।

#### दो ओलंपियन के साथ 55 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार

बलदेव सिंह ने राज्य के खेल विभाग की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा और पंजाब दोनों राज्य एक जैसे हैं लेकिन खेलों के मामले में पंजाब हरियाणा से काफी पीछे है। बलदेव सिंह ने शाहाबाद से 2 ओलंपियन समेत 55 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए हैं। उनकी यात्रा 1 जनवरी 1982 से शुरू हुई थी जब उन्होंने शाहाबाद के आर्य स्कूल में कोचिंग देना शुरू किया। इसके बाद 1986 में उन्हें सिरसा जिले के जीवन नगर में प्रशिक्षण देना पड़ा और 1992 में उन्होंने शाहाबाद के श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स हॉकी स्टेडियम में अपने खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करना शुरू किया।

#### अवार्ड मिलने की घोषणा के बाद जताई खुशी

भारतीय हॉकी टीम के कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलदेव सिंह को पद्म श्री अवार्ड मिलने की घोषणा के बाद हॉकी खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हॉकी खिलाड़ियों, उनके परिवारों और मित्रों ने उन्हें बधाई दी। बलदेव सिंह भारतीय हॉकी के उन कोचों में शामिल हैं जिन्होंने जमीनी स्तर से खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी हॉकी अकादमी ने भारतीय महिला हॉकी को मजबूत टैलेंट दिया है, और उनकी देखरेख में लगभग 45 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार हुए। इनमें रानी रामपाल, रितु रानी, संदीप सिंह, सुरिंदर कौर और जसजीत कौर जैसी प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। बलदेव सिंह को उनके अनुशासन और कड़ी ट्रेनिंग के लिए श्वन-मैन आर्मीश के रूप में भी पहचाना जाता है। उन्होंने न केवल खिलाड़ियों की पहचान की, बल्कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य बनाया। महिला हॉकी के अलावा, उन्होंने पुरुष टीमों, एनआईएस और सिरसा क्लब में भी कोचिंग दी है। इसके साथ ही वे नामधारी हॉकी टीम के कोच भी रह चुके हैं। कोच बलदेव सिंह ने सरकार से मांग की कि प्रदेश के कई जिलों में एस्ट्रो ट्रैक बनाए जाएं जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि कई खिलाड़ी निकले हैं लेकिन पिछले लगभग दो साल से हॉकी खिलाड़ियों को डाइट के खर्च का समर्थन नहीं मिला, जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

---

### लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

## विद्यार्थियों को फिटनेस के प्रति किया जागरूक



बराड़ा। स्वास्थ्य को लेकर लोगों को जागरुक करते छात्र।

- नियमित व्यायाम और खेलकूद को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं यूथ अफेयर्स एंड खेल मंत्रालय के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत फिटनेस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में योग, रस्सी कूद, व्यायाम तथा विभिन्न सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा शारीरिक व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने अपने संबोधन में कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि स्वस्थ भारत के निर्माण का जनआंदोलन है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए नियमित व्यायाम और खेलकूद को जीवन का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक है। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक रहने तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

---

## छह एकड़ में आबाद हो रही थी अवैध कॉलोनी, डीटीपी ने तोड़े निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया अंबाला सदर के गांव फुलेल माजरा में लगभग छह एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक कॉलोनी में बनी हुई सडक़ों के जाल, नीवों तथा चारदीवारी को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार – रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, एसएचओ हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो भी भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने लोगों से अपील की है कि भूमालिक एवं प्रॉपट्री डीलर कॉलोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे किसी भी झांसे में न आएं। इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण करना पूरी तरह से गैरकानूनी है।



**अंबाला।** अवैध कॉलोनी में निर्माण को ढहाती जेसीबी।

### गुरुद्वारा साहिब बनाने को लेकर बनी सहमति

**अंबाला।** बलाना गांव के गुरुद्वारा साहिब में में धुरकड़ा के निर्माणधीन गुरुद्वारे को लेकर बैठक हुई। इसमें पूर्व सरपंच मोहन सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करवाई। क्षेत्र की सैकड़ों की तादाद में सिख संगत मौजूद रही। आपसी वार्तालाप के बाद 70 से ज्यादा लोगों ने गुरुद्वारा साहिब बनने को लेकर अपने हस्ताक्षर भी किए। अंत में सुखदेव सिंह गोविंदगढ़ व किसान नेता जय सिंह ने बताया कि आने वाली 22 फरवरी को दोबारा से इसी मामले को लेकर इसी जगह पर बैठक रखी जाएगी। जय सिंह ने यह स्पष्ट किया कि गांव के ज्यादातर लोग गुरुद्वारा साहिब बनाने को लेकर सहमत हैं। वह गुरुद्वारा बना कर रहेंगे क्योंकि यह सिख संगत की श्रद्धा का केंद्र है।

## सड़क पर भीख मांगने वाला लेखराज निकला लखपति, 4 लाख रुपये मिले

- सामाजिक संस्था की ओर से किया गया अंतिम संस्कार, अस्पताल में ली अंतिम सांस

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

अंबाला शहर की सड़कों पर भीख मांगने वाला लेखराज लखपति निकला। पिछले दस साल से बुजुर्ग लेखराज ट्राइसाइकिल पर हाथ फैलाकर भीख मांग रहा था। मौत से पहले जिस लेखराज को दुनिया गरीब समझती रही  वह असल में लखपति निकला। दरअसल लेखराज रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास ट्राइसाइकिल पर बैठकर भीख मांगता था। 9 फरवरी को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी जिसके बाद सामाजिक संस्था वंदे मातरम दल ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिन चले इलाज के बाद लेखराज ने दम तोड़ दिया। जब पुलिस ने उसकी ट्राइसाइकिल के पीछे बंधे लोहे के छोटे से ट्रंक की तलाशी ली। इस बक्से में से न केवल उसकी जरूरत का सामान मिला बल्कि भारी मात्रा में नकदी भी मिली। पुलिस को ट्रंक से 66,120 रुपये नकद मिले। तलाशी के दौरान नकदी के साथ-साथ दो अलग-अलग बैंकों की पासबुक की प्रतियां भी मिलीं। जब इन खातों की जांच की गई तो आंकड़े चौंकाने वाले थे। पहले खाते में 3,32,000 रुपये जमा थे तो दूसरे में 434 रुपये शेष थे। नकद और बैंक बैलेंस मिलाकर करीब 4 लाख रुपये लेखराज के पास थे। हैरानी की बात यह है कि 50 हजार की जो गड्डी बरामद हुई, उस पर अक्तूबर महीने की बैंक ऑफ इंडिया की मुहर लगी थी। इससे यह साफ होता है कि लेखराज समय-समय पर बैंक से लेनदेन भी करता था। लेखराज की इस अमीरी के पीछे एक अकेलापन भी छिपा था। मौत के बाद उसका कोई भी परिजन सामने नहीं आया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वंदे मातरम दल के सदस्यों ने ही उसका अंतिम संस्कार किया।

## नकली दस्तावेज पर दी जमानत तीन के खिलाफ दर्ज किया केस

- सूरज भान ने कोर्ट में अर्जी लगा कहा कि कभी जमानत नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमानत करवाने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। न्यायिक दंडाधिकारी ध्रुव सैनी की अदालत ने फर्जी जमानतदार पेश करने के मामले में यह केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। रीडर की शिकायत पर सिटी थाने में आरोपी सुभाष कुमार, पहचानकर्ता साहिल गर्ग और फर्जी जमानतदार शामिल हैं। पुलिस अब तीनों आरोपियों को तलाश रही है। अदालत  कोर्ट में तब हड़कंप मच गया जब असली सूरज भान ने पेश होकर कहा कि उसने कभी किसी की जमानत ही नहीं ली। जांच में सामने आया कि जमानत के लिए जो आधार कार्ड लगाया गया था उसमें 13 अंक थे जबकि असली आधार कार्ड में केवल 12 अंक होते हैं। यह मामला इंडो इजराइल क्रॉप साइंसेज बनाम किसान बीज भंडार से जुड़ा है। आरोपी सुभाष कुमार की जमानत के लिए 7 दिसंबर 2022 को सूरज भान नाम के व्यक्ति के दस्तावेज पेश किए गए थे। हाल ही में असली सूरज भान ने कोर्ट में अर्जी लगाकर कहा कि उसने न तो कभी जमानत दी और न ही कभी अपने दस्तावेज सौंपे।  इसी आधार पर मामले की पोल खुली।

## भारत रणभूमि दर्शन अभियान दल अंबाला पहुंचा डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर ने किया अभिनंदन

- 40 आर्टिलरी डिवीजन के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर दीपक मान ने हरी झंडी दिखाकर दल का अभिनंदन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

भारत रणभूमि दर्शन अभियान दल शुक्रवार को को अंबाला कैंट पहुंचा। यह अभियान भारतीय तोपखाना (आर्टिलरी) की स्थापना के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चलाया गया है। थल सेना, नौसेना और सीमा सुरक्षा बल के जांबाज गनर्स के इस दल का खड्गा स्टेडियम में स्वागत किया गया। 40 आर्टिलरी डिवीजन के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर दीपक मान ने हरी झंडी दिखाकर दल का अभिनंदन किया। ऐतिहासिक युद्धक्षेत्रों और शहीदों को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू हुआ यह अभियान 3 फरवरी 2026 को गुजरात के द्वारका से रवाना हुआ था।  अंबाला पहुंचे इस दल में सात अधिकारी, 10 जूनियर कमीशन अधिकारी और 29 अन्य रैंक के जवान शामिल रहे। यह यात्रा राष्ट्रीय समर स्मारक (नेशनल वॉर मेमोरियल), नई दिल्ली में संपन्न होगी। अंबाला में प्रवास के बाद यह अभियान दल कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हो गया। समारोह के दौरान खड्गा कोर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में पूर्व सैनिक, स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट मौजूद रहे। इस आयोजन ने न केवल देशभक्ति का संचार किया, बल्कि सशस्त्र बलों के साथ अंबाला शहर के पुराने और गहरे जुड़ाव को भी और मजबूती दी। अभियान के दौरान दल के सदस्यों ने पश्चिमी क्षेत्र के उन प्रमुख स्थानों का दौरा किया, जो महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों के गवाह रहे हैं। यहां उन्हें ऐतिहासिक घटनाओं और जवानों के पराक्रम के बारे में जानकारी दी गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को देश के गौरवशाली सैन्य इतिहास से जोड़ना और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है।



### निकासी व्यवस्था की जांच के लिए पहुंचा प्रशासनिक अमला

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के मुख्य बाजार में निकासी व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। बाजार के दुकानदारों का कहना है कि पानी की उचित निकासी न होने के कारण बरसात या नालियों के ओवरफ्लो होने पर दुकानों के आगे गंदा पानी जमा हो जाता है। जिससे ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार संबंधित विभागों को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। शुक्रवार को पंचायती राज विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जुलाना बाजार पहुंचे। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया ताकि समस्या का संयुक्त रूप से समाधान निकाला जा सके। अधिकारियों ने बाजार की मुख्य नालियों, गलियों और पानी के बहाव की दिशा का बारीकी से निरीक्षण किया। दुकानदारों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। जांच के दौरान सामने आया कि जुलाना बाजार के मुख्य हिस्से में निकासी व्यवस्था सामान्य रूप से काम कर रही है और वहां कोई बड़ी तकनीकी खामी नहीं पाई गई।

### मोटिवेशनल मूवी का आयोजन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की सैपलिंग शाखा में प्री नर्सरी से प्रथम कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से एक आनंदमय मूवी थिएटर गतिविधि का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छोटे बच्चों को एक खुशहाल और उत्साहपूर्ण अनुभव प्रदान करना था। विद्यालय परिसर में ही आकर्षक थिएटर जैसा वातावरण तैयार किया गया। कक्षाओं को रंग बिरंगे गुब्बारों, सुंदर पोस्टरों और बच्चों के प्रिय कार्टून पात्रों से सजाया गया। जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय और रोमांचक बन गया। बच्चों ने अनुशासनपूर्वक बैठ कर कार्टून के साथ-साथ एक प्रेरणादायक मूवी का आनंद लिया। जिससे वे अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दिए। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ आनंदमय पल देना था। विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। ऐसी गतिविधियां बच्चों में जीवन कौशल, वास्तविक जीवन से जुड़ी जागरूकता तथा नई चीजें सीखने की उत्सुकता को बढ़ाती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### भाजपा चलाएगी दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान, मंडल से बूथ तक तैयार होंगे प्रशिक्षित कार्यकर्ता

# अभियान राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करेगा: भारत भूषण

*हरियाणा के सभी 370 मंडलों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** पार्टी नेताओं को संबोधित करते प्रशिक्षण सह संयोजक भारत भूषण। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2025 के तहत जिला कार्यालय “अम्ब कमल” में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश प्रशिक्षण सह संयोजक भारत भूषण जुयाल ने प्रशिक्षण को कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि “जो सीखता है, वही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर तक सशक्त, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता तैयार करना इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य है। यह अभियान व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करेगा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित भारत- विकसित हरियाणा के संकल्प को मजबूती देगा।

#### भाजपा का मूल मंत्र “संगठन ही शक्ति

उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र “संगठन ही शक्ति है और मजबूत संगठन की नींव व्यक्ति निर्माण पर आधारित होती है। सेवा, सुशासन और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। उन्होंने धारा 370 हटाने, श्रीराम मंदिर निर्माण, तीन तलाक समाप्ति और आत्मनिर्भर भारत जैसे निर्णयों को निर्णायक नेतृत्व का उदाहरण बताया। जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर ने पार्टी के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान नेताओं ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और इसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। तीन सांसदों से शुरू हुआ यह सफर आज 303 सांसदों तक पहुंच चुका है, जो संगठन की शक्ति और कार्यकताओं की तपस्या का परिणाम है। उन्होंने जानकारी दी कि हरियाणा के सभी 370 मंडलों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी जबकि 7 मार्च से 14 अप्रैल तक यह अभियान देशभर में चरणबद्ध रूप से संचालित होगा। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि यह महाअभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि संगठनात्मक पुनर्संरचना और वैचारिक सुदृढ़ीकरण का व्यापक प्रयास है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं तथा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।